छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्ववि0द्यालय के अधिनियम (डिप्लोमा) के प्रमुख बिन्दु

नोटः—विस्तुत व प्रमाणित अधिनियम विश्वविद्यालय की वेब—साइट www.csvtu.ac.in पर उपलब्ध है, निम्न विवरण उसका मोटा—मोटा हिन्दी रूपातंर ही है :—

1. सभी छात्रों को विश्वविद्यालय में नामांकन कराना आवश्यक है इस हेतु फार्म, जाति प्रमाण पत्र व फोटो सहित भरना है, यह फार्म इस वेब—साइट व छात्रा लिपिक के पास उपलब्ध है।
2. प्रति सेमेस्टर में लगभग 14 सप्ताह कक्षाऐं होगी, कुल छः सेमेस्टर होगें व अधिकतम इन्हें 8 साल में पास करना आवश्यक है।
3. प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में प्रथम से षष्ठम सेमेस्टर तक की मुख्य/पूरक परीक्षा होगीं। समान्यतः यह नवंबर—दिसम्बर व अप्रैल—मई में होगी। परीक्षाऐं अधिकतम 30 दिन चलेगी पृथक सप्लीमेन्ट्री परीक्षा नहीं होगी।
4. परीक्षा में बैठने हेतु आवश्यक है कि —

   (a) छात्र ने फीस के साथ परीक्षा फार्म भरा हो।

   (b) उसकी उपस्थिति 85 प्रतिशत या उससे अधिक रही हो।

   (c) उसने सेशनल कार्य पूरा किया हो व उसे हर Theory व प्रेक्टिकल में TA के नंबर न्यूनतम 60 प्रतिशत पाये हों।
5. उक्त शर्ते पूरी ना होने पर छात्रा परीक्षा नहीं दे पायेगी व उसे पुनः वह सेमेस्टर पढ़ना पड़ेगा।
6. सेमेस्टर अंत होने व शर्ते पूरी करने पर छात्रा को परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा।
7. परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग वर्जित है, नकल करने पर अत्यंत कड़ी सजा दी जायेगी।
8. 5 वें व 6 वे सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में अधिकतम 3 विषयों में अनुत्तीर्ण को भी प्रवेश दिया जा सकेगा। लेटरल द्वारा प्रवेशित छात्र को 6 वें सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर पूर्णतः उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
9. मुख्य परीक्षा के अतिरिक्त क्लास टेस्ट व TA (टीचर्स असेसमेंट) के नम्बर भी है। प्रति सेमेस्टर दो क्लास टेस्ट होंगे व TA (टीचर्स असेसमेंट) का आधार Assignment, Quiz, Viva व गृहकार्य होगा।
10. क्लास टेस्ट हेतु कोई न्यूनतम निर्धारित नहीं है किन्तु इसके प्राप्तांक जुड़ेगें व विश्वविद्यालयीन सैद्धांतिक परीक्षा में न्यूनतम 35 प्रतिशत व विश्वविद्यालयीन प्रायोगिक परीक्षा में 50 प्रतिशित अंक से ही पास होगें। किन्तु किसी विषय में सब मिलाकर 60 प्रतिशत नम्बर लाना आवश्यक है।
11. विश्वविद्यालय में अंतिम परिणाम ग्रेडिंग सिस्टम में घोषित होगें व प्रत्येक सैद्धांतिक व प्रायोगिक परीक्षा हेतु ग्रेड निम्नानुसार है।

सैद्धांतिक के प्राप्तांक	प्रयोग में प्राप्तांक	ग्रेड	ग्रेड के पांइट
85—100	90—100	A+	10
75—85	82—90	A	09
65—75	74—82	B+	08
55—65	66—74	B	07
45—55	58—66	C+	06
35—45	50—58	C	05
00—35	00—50	F (Fail)	00

F (फेल ग्रेड) :—किसी थ्योरी/प्रेक्टीकल में फेल होने पर, परीक्षा न देने, सेशनल (में 60 प्रतिशत से कम होने से) फेल होने पर , 85 प्रेतिशत से कम उपस्थिति के कारण या पूरे सेमेस्टर में मिलाकर 50 प्रतिशत से कम अंक पाने से दिया जायेगा।

12. किसी सेमेस्टर की प्राप्त ग्रेडिंग के आधार पर SPI (सेमेस्टर पाइंट इंडेक्स) व सारे सेमेस्टर के आधार पर CPI (क्यूम्यूलेटिव पाइंट इंडेक्स) दिया जायेगा। यह अधिकतम 10.00 होगा।